कार्यालय :– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया, जिला–उमरिया, (म0प्र0)
{ए.डी.आर. भवन, जिला न्यायालय परिसर, उमरिया (म.प्र.), 484661}
Office Ph. 222-845, Email.secdlsaumr@mp.gov.in

क्रमांक /487/जिविसेप्रा/2026 उमरिया, दिनांक– 12.05.2026

# //विज्ञापन//

## संविदा आधारित वाहन चालक पद हेतु विज्ञप्ति

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुदान अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया मे बहुउपयोगी वाहन हेतु संविदा आधार पर वाहन चालक (Driver) के 01 पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आहूत किये जा रहे हैं।

**1. पदनाम, पदसंख्या, मानदेय, न्यूनतम योग्यता :–**

| **क्रं.** | **जिले का नाम** | **पद का नाम** | **रिक्त पद की संख्या** | **न्यूनतम योग्यता** | **आयु** | **"सी" श्रेणी (02 लाख से कम जनसंख्या वाले शहर) उमरिया हेतु** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उमरिया | वाहन चालक | 01 | मान्यता प्राप्त बोर्ड से आठवी उत्तीर्ण | 18 वर्ष से 40 वर्ष तक | 12000/– रूपये प्रतिमाह |

## नोटः– योग्य मैकेनिक को वरीयता दी जावेगी।

## नियुक्ति की शर्तेः–

**1–** यह संविदा नियुक्ति अनुबंध प्रारंभ में 02 वर्ष की अवधि के लिये होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन, अच्छे आचरण और निरंतरता की आवश्यकता के आधार पर तत्पश्चात् एक वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकेगा। संविदा अवधि के पश्चात् नियमित नियुक्ति या निरंतर सेवा का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

**2–** संविदा चालक की सेवाये संतोषजनक न पाये जाने या अन्य प्रशासनिक स्थिति मे सक्षम अधिकारी द्वारा किसी भी समय बिना कारण बताये एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी। संविदा वाहन चालक भी एक माह का पूर्व नोटिस देकर या एक माह के वेतन के बराबर राशि जमा किया जाकर त्यागपत्र दे सकेगा।

**3–** संविदा चालक के कार्यो की समीक्षा समय–समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया द्वारा की जावेगी और संतोषजनक प्रदर्शन न किये जाने तथा अनुशासन के अनुरूप न पाये जाने पर अनुबंध की निरन्तरता या विस्तार किये जाने के संबंध मे विचार किया जा सकेगा।

**4–**संविदा चालक की नियुक्ति की संपूर्ण कार्यवाही प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार की जावेगी।

**5–**संविदा चालक को एक कलेण्डर वर्ष मे 13 दिवस आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी।

**चयन का मापदण्ड :–**

वाहन चालक की भर्ती निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से की जावेगी जिसमे व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं व्यवहारिक ड्राइविंग परीक्षा सम्मिलित होगी।

**आवेदन का प्रारूप प्राप्त करने की प्रकिया :–**

उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन का प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय उमरिया के नोटिस बोर्ड एवं कार्यालय से भी प्राप्त किये जा सकते हैं।

**आवेदन भरने की प्रकिया :–**

सभी अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि अपने आवेदन पत्र भरते समय पूर्ण सावधानी के साथ सभी प्रविष्टियों का अंकन करें ताकि संशोधन की आवश्यकता उत्पन्न न हो। एक बार आवेदन कार्यालय मे जमा कर दिये जाने के पश्चात किसी भी संशोधन की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :–**

इच्छुक अभ्यर्थी विहित आवेदन को उचित ढंग से भरकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया (म.प्र.) के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से **दिनांक 12.06.2026 दिन शुकवार को समय सायं 5.00 बजे** तक जमा किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आवेदनों के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजः–**

आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां प्रस्तुत करें:–

1. वैध ड्राईविंग लाइसेंस (LMV)
2. वाहन संचालन का अनुभव प्रमाण पत्र
3. पहचान पत्र (आधार कार्ड)
4. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाणपत्र
5. मैकेनिकल योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र यदि हो

**आवेदनों की जांच एव चयन प्रकिया :–**

अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों एवं दस्तावेजों की विहित नियमों के अनुसार जांच की जाएगी। जांच में यदि यह पाया जाता है कि आवेदन अपूर्ण है या उसमें दी गई जानकारी असत्य है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया को उक्त आवेदनो का निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। आवेदनों की जांच के उपरांत परीक्षा/साक्षात्कार के लिए पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया (म.प्र.) के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। इसके पश्चात पात्र अभ्यर्थियों को पूर्व सूचना देकर व्यवहारिक, साक्षात्कार व ड्राईविंग परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार व परीक्षा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया द्वारा गठित चयन समिति के समक्ष होगा।

**नोट :–** संविदा वाहन चालक पद पर नियुक्त व्यक्ति पूर्ण सर्तकता एवं सद्‌भाविकता से अपने कार्य का निष्पादन करेंगे जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया के निगरानी में रहेंगे।

**संलग्नः– 1. विहित आवेदन प्रारूप।**

12/05/26

(मोहन डावर)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
उमरिया (म.प्र.)

# आवेदन पत्र (Application Form)

## <u>वाहन चालक (संविदा) हेतु</u>

**फोटो**

अभ्यर्थी का नाम :– ..........................................................................................

पिता/पति का नाम :– :– ..........................................................................................

जन्मतिथि :– ..........................................................................................

आयु :– ..........................................................................................

स्थायीपता :– ..........................................................................................

पत्र व्यवहार का पता :– :– ..........................................................................................

मोबाईल नंबर :– ..........................................................................................

शैक्षणिक योग्यता :– ..........................................................................................

| क्रमांक | परीक्षा | बोर्ड/संस्थान | वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

**ड्राइविंग लाइसेंस का विवरण–**

| लाइसेंस नंबर | जारी तिथि | वैधता | जारीकर्ता प्राधिकरण |
|---|---|---|---|
| | | | |

**वाहन चलाने का अनुभव–**

| क्रमांक | संस्थान/व्यक्ति का नाम | कार्यअवधि | अनुभव (वर्ष/माह) |
|---|---|---|---|
| | | | |

क्या आप शारीरिक रूप से सक्षम हैं।

☐हाँ ☐नहीं

क्या आपको स्थानीय क्षेत्र की जानकारी है।

☐हाँ ☐नहीं

अन्य जानकारी (यदिकोई हो)–

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................

## घोषणा (Declaration)

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य एवं सही है। यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो मेरी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।

दिनांक :– / /2026
स्थानः– .

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम....................

संलग्न :–

1. शैक्षणिक प्रमाण पत्र,
2. ड्राइविंग लाइसेंस
3. पहचान पत्र,
4. अनुभव प्रमाण पत्र, अन्य दस्तावेज